# उत्पाद हमारे जिले का, डिजाइनिंग व पैकेजिंग की तकनीक ब्रिटेन की

## ब्रिटेन के उच्चायुक्त ने कोरोना पर नियंत्रण के लिए योगी सरकार की तारीफ की

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने 'एक जनपद-एक उत्पाद'(ओडीओपी) योजना की प्रशंसा करते हुए इसके उत्पादों की डिजाइनिंग व पैकेजिंग के लिए तकनीक उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने शिक्षा, एमएसएमई, लेदर, टेक्सटाइल और पर्यावरण के क्षेत्र में यूपी के साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने ये बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कोरोना की पहली व दूसरी लहर में संक्रमण के नियंत्रण के लिए योगी सरकार के प्रयासों की सराहना भी की। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना उनकी सरकार की मंशा है। इस दिशा में ब्रिटेन सरकार जो भी काम करना चाहती है, उसमें प्रदेश सरकार हर संभव मदद करेगी।

### टेक्सटाइल, पर्यावरण और शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने का दिया प्रस्ताव

एलिस ने कहा कि ओडीओपी से स्थानीय स्तर पर उत्पादों और उनसे जुड़े परंपरागत कलाकारों को पहचान मिलेगी। उन्होंने ओडीओपी उत्पादों के अलावा टेक्सटाइल, लेदर, स्वास्थ्य, एमएसएमई के स्थानीय क्राफ्ट से जुड़े क्षेत्र के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी यूपी सरकार के साथ काम करने की इच्छा जताई है। मिशन शक्ति और अन्य योजनाओं के जरिए महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के लिए मुख्यमंत्री की तारीफ की। उच्चायुक्त ने सफेदाबाद स्थित भारतीय हरित खादी ग्राम्य उद्योग संस्थान का भी दौरा किया। उन्होंने संस्थान में महिलाओं को सोलर चरखे से धागे और कपड़े बनाते हुए देखा और उनकी प्रशंसा की।



भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। फोटो : अमर उजाला

### स्वतंत्र देव व अखिलेश से भी मिले ब्रिटेन के उच्चायुक्त

लखनऊ। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव से भी मुलाकात की। एलिस ने सपा कार्यालय में अखिलेश से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में स्वतंत्र देव और एलेक्स एलिस के बीच प्रदेश में शिक्षा, पर्यटन, व्यापार और निवेश के मुद्दे पर बातचीत हुई। स्वतंत्र देव ने उन्हें कोरोना काल में भाजपा ओर से किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर महामंत्री जेपीएस राठौर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया और प्रदेश प्रवक्ता हरीश चंद्र श्रीवास्तव भी मौजूद थे। ब्यूरो